स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में संस्थान के छात्रों ने जीते मेडल

विशेष विद्यालय, राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान के छात्रों ने 8 सितंबर 2021 को सोरम, सेक्टर- 36 चंडीगढ़ में स्पेशल ओलंपिक भारत, चंडीगढ़ चैप्टर द्वारा आयोजित स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक जीते। इस चैंपियनशिप में 25 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। हेमंत गुप्ता ने एम-3 डिवीजन में स्वर्ण पदक, शंकर और तेजिंदर ने एफ-1 डिवीजन में क्रमश स्वर्ण और रजत पदक, दीक्षा ने एफ-2 डिवीजन में स्वर्ण पदक और कार्तिक ने एम-2 में स्वर्ण पदक जीता।

दैनिक भास्कर

चंडीगढ़ भास्कर 11-09-2021

टेबल टेनिस: ग्रिड-31 सेंटर के स्टार्स ने हासिल किए 4 खिताब

▪ डिविजन एम-4 में भवन के हार्दिक पाहवा ने खिताब हासिल किया

▪ चंडीगढ़. स्पेशल ओलिंपिक भारत चंडीगढ़ चैप्टर के द्वारा स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया और इसमें ग्रिड-31 के एथलीट्स ने चार टाइटल हासिल किए। स्पेशल ओलिंपिक्स भारत चंडीगढ़ चैप्टर की डायरेक्टर नीलू सरीन ने इस इवेंट के लिए सभी प्लेयर्स, कोचेज, टीचर्स और पेरेंट्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाली वर्ल्ड गेम्स के लिए भी प्लेयर्स तैयारी शुरू करेंगे। इसमें ग्रिड-31,सोरम-36,भवन विद्यालय, आशा स्कूल चंडीमंदिर के एथलीट्स ने हिस्सा लिया और साथ में सभी स्पेशल एथलीट्स के लिए इसमें ओपन एंट्री रखी गई थी।

इसमें पहला टाइटल ग्रिड की दीक्षा ने हासिल किया। उन्होंने एफ-2 डिविजन में सोरम-31 की हरलीन को मात दी। दीक्षा ने पहला सेट 11-9 से जीता और दूसरे में भी उन्हें 11-9 से जीत मिली। वहीं डिविजन एम-2 में ग्रिड को खिताब कार्तिक ने दिलाया। उन्होंने ओपन एंट्री के तौर पर खेल रहे अक्षित को आसानी के साथ 11-2, 11-9 से मात दी। डिविजन एम-4 में भवन-27 के हार्दिक पाहवा विजेता बने। उन्होंने सोरम के मनी को 11-8, 13-11 से हराकर टाइटल जीता।

▪ हेमंत गुप्ता और शंकर भी बने चैंपियन...

डिविजन एम-3 में हेमंत गुप्ता विजेता बने। ग्रिड-31 के हेमंत गुप्ता ने भवन-27 के हेमंत बजाज को 11-1, 11-6 से मात दी। डिविजन एफ-1 में शंकर ने ग्रिड को चौथा खिताब दिलाया। उन्होंने फाइनल में अपने ही सेंटर के तजिंदर को तीन सेट में मात दी। दोनों प्लेयर्स के बीच मुकाबला रोमांचक रहा। शंकर ने खिताबी मुकाबले में पहला सेट 9-11 से गंवा दिया लेकिन इसके बाद वे लय में लौटे। अगले दो सेट शंकर ने 11-9, 11-9 से जीते और मैच को अपने नाम कर लिया।

हार्दिक व दीक्षा ने जीती चैंपियनशिप

स्पेशल खिलाड़ियों के लिए आयोजित टेबल टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी। विज्ञप्ति

चंडीगढ़। स्पेशल ओलंपिक भारत चंडीगढ़ चैप्टर ने स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन सेक्टर-36 स्थित सोरेम स्कूल में किया। इसमें 25 स्पेशल खिलाड़ियों ने शिरकत की। लड़कों के वर्ग में हार्दिक पावा और लड़कियों के वर्ग में दीक्षा विजेता बनी।

स्पेशल ओलंपिक भारत चंडीगढ़ चैप्टर की डायरेक्टर नीलू सरीन ने स्टेट टेबल टेनिस

25 स्पेशल बच्चों ने टेबल टेनिस चैंपियनशिप मुकाबलों में लिया भाग

चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों, कोच, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। चैंपियनशिप में ग्रिड-31, सोरेम-36, भवन विद्यालय, आशा स्कूल चंडीमंदिर से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। संवाद

समाचार कवरेज